धर्मशाला। 'विकसित भारत @2047 - युवा की आवाज' कार्यक्रम का देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन उदबोधन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 को सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग की ओर से “विकसित भारत@2047” दृष्टिकोण में पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके सुंदर कलाकृतियों की निर्मिती की गई । इस माध्यम से निरंतर ‘विकसित भारत@2047’ में पर्यावरण स्वच्छ रखने का सन्देश दिया गया । विद्यार्थियों द्वारा कार्ड बोर्ड, पेपर, अवं स्टील रॉड, अवं अन्य वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके विभिन्न अभिकल्प (प्रोडक्ट डिजाईन) तैयार किये गए। इसमें आधुनिक बहुआयामी अपार्टमेन्ट, आधुनिक उपयोगी साधन, नेचुरल विषयों के उपयोगी साधन, कार्ड बोर्ड से कैमरा, आटोमेटिक रोबोट, पेपर से बनी कठपुतलिया, राडार-टैंक आदि अनेक अभिकल्प तैयार किये गए । इस आयोजन के दौरान अर्थशात्र विभाग अवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग के निर्देशक/अध्यक्ष प्रो. संजीत सिंह तथा समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. शशि पूनम जी, विभाग अध्यक्ष प्रो. निरुपमा सिंह जी, द्वारा निरीक्षण किया गया और मार्गदर्शक श्री. दिनेश पाल, डॉ. वेद पालीवाल डॉ. उज्ज्वल काडोदे, आदि का 'विकसित भारत @2047 - युवा की आवाज' पर अधिक जानकारी देकर प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इसमें प्रतिभागी विधार्थीयो में बी.एफ.ए(पेंटिंग) के विधार्थी सुमित सडियल, सुकृति यादव, सुदीप गोराई, मानवी, अमित कुमार, गोपाल शर्मा, कोमल, अद्विका मित्तल, आकाश, अमन कपिल, अंजलि पाठक, दिया, गोपाल, कुमार चेतन, मुस्कान शर्मा, प्रेरणा मौर्य, पूजा, रिद्धिमा, संतोष साहू, शिव कुमार, सिमरन, सुहानी शर्मा, त्रम्बिका शर्मा, उत्तम पुनिया, वैभव भगोरिया, यशवी, अमर्त्य वर्मा, निखिल, राहुल कुमार, ख़ुशी वर्मा, अनुराग शुक्ला, रितिका सरकार आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया था ।

हिमाचल प्रदेश
CENTRAL UNIVERSITY OF HIMACHAL PRADESH
All are invited
Venue: Seminar Hall, Sapt Sindhu Parisar-II
VIKSIT BHARAT